प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 10.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– राज्य मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा और परीक्षण के लिए उप समिति के गठन को दी मंजूरी।

2– मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का दूसरा चरण आज से शुरू–बस्तर और सरगुजा संभाग के दस जिलों के तेईस मार्गों पर चौबीस नई बसों का संचालन किया जाएगा।

3– एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों को जमा करने का कल अंतिम दिन है।

4– बस्तर ओलंपिक के तहत जगदलपुर में कल से शुरू होंगी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मंत्रिमंडल निर्णय**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा और परीक्षण के लिए उप समिति के गठन को मंजूरी दी है।

श्री साव ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के प्रकरण वापसी की प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय समिति के गठन का भी प्रावधान किया गया है। यह समिति आत्मसमर्पित नक्सली के अपराधिक प्रकरणों की वापसी के लिए रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेगी।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने चौदह अधिनियमों में संशोधन के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक के द्वितीय संस्करण के प्रारूप का अनुमोदन किया है। छत्तीसगढ़, देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां जन विश्वास विधेयक का द्वितीय संस्करण लाया जा रहा है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के विधानसभा में उपस्थापन संबंधी छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक का अनुमोदन भी किया गया।

**यूनेस्को–दीपावली**

दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अर्मूत सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया है। आज नई दिल्ली के लालकिले में आयोजित यूनेस्को अंतर सरकारी समिति के बीसवें सत्र के दौरान इससे संबंधित शिलालेख को केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और यूनेस्को के एक सौ चौरानवे सदस्य देशों के प्रतिनिधियों और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की उपस्थिति में अपनाया गया।

## रेल परियोजना–लोकसभा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

रेल मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया गया है। इसके तहत राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान पांच हजार सात सौ किलोमीटर से अधिक लंबाई को कवर करने वाले इकसठ सर्वेक्षण कार्य शुरू किए गए हैं।

इस बीच, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–सीएसएमटी के बीच एक–एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन हावड़ा से ग्यारह दिसंबर को और सीएसएमटी से तेरह दिसंबर को चलेगी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से इस योजना का वर्चुअली शुभारंभ कर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरे चरण के तहत बस्तर और सरगुजा संभाग के दस जिलों के तेईस मार्गों पर चौबीस नई बसों का संचालन किया जाएगा। इससे एक सौ अस्सी गांव सीधे बस सुविधा से जुड़ गए हैं।

## एसआईआर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों को जमा करने का कल ग्यारह दिसंबर अंतिम दिन है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में अब तक प्राप्त लगभग सभी गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। साथ ही मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के लिए बूथ स्तर पर बीएलओ और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के बीच बैठकों का दौर भी जारी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि बूथ लेवल एजेंटों के साथ ऐसे मतदाताओं की सूची को साझा किया जा रहा है, जिनके गणना प्रपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से मतदान केन्द्रवार संबंधित बीएलओ के साथ बैठक करें और मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग दें।

## वीरनारायण सिंह–शहादत दिवस

आज स्वतंत्रता सेनानी वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बलौदाबाजार–भाटापारा जिला स्थित उनके गृहग्राम सोनाखान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आज राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक पहुंचकर वीरनारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री साय ने कहा कि वीरनारायण सिंह का जीवन त्याग, साहस और न्याय की अनुपम मिसाल है।

राज्यपाल रमेन डेका ने भी आज लोकभवन में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान का स्मरण किया।

## बस्तर ओलंपिक–संभाग स्तरीय प्रतियोगिता

बस्तर ओलंपिक के तहत जगदलपुर में कल से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शुरू होगी। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कल सुबह ग्यारह बजे प्रियदर्शिनी स्टेडियम में होगा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि बस्तर ओलंपिक की बढ़ती लोकप्रियता बदलते हुए बस्तर की एक अलग तस्वीर प्रस्तुत की है।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के करीब तीन हजार विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें लगभग पांच सौ नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साखींच के मुकाबले होंगे, जिसके विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## माओवादी आत्मसमर्पण

कांकेर जिले में आज दो महिला सहित चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी माओवादियों पर तेईस लाख रूपये का इनाम घोषित था। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले माओवादी कैंडरों ने भारतीय संविधान में आस्था व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीने का संकल्प लिया। आत्मसमर्पण करने वाले प्रत्येक माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

इस बीच, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में भी ग्यारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर कुल नवासी लाख रूपये का इनाम घोषित था।

## रक्षक पाठ्यक्रम–एमओयू

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और प्रदेश के छह विश्वविद्यालयों के बीच "रक्षक पाठ्यक्रम" के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे। बाल अधिकार और संरक्षण पर आधारित यह पाठ्यक्रम देश में अपनी तरह का पहला शैक्षणिक नवाचार है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "रक्षक पाठ्यक्रम'' विद्यार्थियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एक वर्षीय यह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्याल, आंजनेय विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय और सरगुजा के संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के साथ ही भिलाई–दुर्ग स्थित श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में शुरू होगा।

## गांजा बरामद

रायपुर के पास अभनपुर में पुलिस की टीम ने वाहनों की तलाशी के दौरान एक वाहन से करीब सोलह किलो गांजा बरामद किया है। इसकी कीमत लगभग आठ लाख रूपये आंकी गई है। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>